दिन– मंगलवार दिनांक– 04/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा का जवाब देंगे। लोकसभा में कल धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई। श्री मोदी के शाम पांच बजे सदन में जवाब देने की उम्मीद है। एक सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के बारे में बात करते रहते हैं, लेकिन ओबीसी समुदाय का सबसे बड़ा चेहरा जो खुद प्रधानमंत्री मोदी हैं, उन्हें पहचानना मुश्किल है।

---

भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया है कि पिछले महीने की इकतीस तारीख तक केवल छह हजार पांच सौ सतहत्तर करोड़ रुपये मूल्य के दो हजार के बैंक नोट प्रचलन में रह गए हैं। रिजर्व बैंक की ओर से जारी बयान में स्पष्ट किया गया है कि मई दो हजार तेईस में प्रचलन में रहे कुल तीन लाख छप्पन हजार करोड़ मूल्य के दो हजार रुपये के नोटों में से अंठानवे दशमलव पंद्रह प्रतिशत वापस आ गए हैं। रिजर्व बैंक ने लोगों से कहा है कि वे अभी भी भारतीय डाक के माध्यम से आरबीआई के उन्नीस निर्गम कार्यालयों में से किसी पर भी दो हजार रुपये के नोट जमा कर सकते हैं या बदल सकते हैं।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय के संवाद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बिहार सरकार के विभिन्न विभागों में नवनियुक्त छह हजार तीन सौ इकतालीस कनीय अभियंताओं और चार सौ छियानवे अनुदेशकों सहित कुल छह हजार आठ सौ सैंतीस अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, सम्राट चौधरी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इधर, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में पत्रकारों से

बातचीत में कहा कि युवाओं को नौकरी देना एनडीए सरकार की गारंटी है। श्री सिन्हा ने आरोप लगाया कि तेजस्वी यादव के कार्यकाल में कोई नई बहाली नहीं हुई थी।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, अधिकतर स्थानों पर अधिकतम तापमान पच्चीस से तीस डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। हालांकि हिमालय के तराई वाले क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर घने कोहरे की स्थिति बनी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो से तीन दिनों तक मौसम में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। जनवरी में दर्ज सबसे कम न्यूनतम तापमान पिछले पांच साल की तुलना में सबसे अधिक रहा।

———————————————————————

आज विश्व कैंसर दिवस मनाया जा रहा है। इस दिवस का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और सरकार के सहयोग से हर साल कैंसर से होने वाली लाखों मौत को टालना है। वैश्विक मृत्यु दर में कैंसर प्रमुख कारण है। आंकड़ों के अनुसार प्रत्येक छह में से एक व्यक्ति की मृत्यु कैंसर से होती है और लगभग हर घर प्रभावित होता है। वहीं, प्रदेश में मुंह, गला, स्तन, सर्वाइकल और गाल ब्लाडर कैंसर तेजी से बढ़तार जा रहा है। इसमें लगभग बत्तीस प्रतिशत लोग तंबाकू से पीड़ित है। डॉक्टरों के अनुसार गलत जीवनशैली, दूषित जल कैंसर के बढ़ने का बड़ा कारण है।

———————————————————————

रोहतास जिले के नौहट्टा थाना के सोन दियारा क्षेत्र से पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में कच्ची अफीम की फसल जब्त की है। एसपी रौशन कुमार ने बताया कि कच्चे अफीम के फसल की अनुमानित कीमत लगभग बीस करोड़ रूपये है।

———————————————————————

अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस और एसएसबी की टीम ने भारी मात्रा में नेपाली और देशी शराब के साथ पांच शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

जमुई जिले के सिकंदरा थाना अंतर्गत सिकंदरा चौक पर एक हाईवा और एक स्कोर्पियो वाहन की टक्कर में स्कोर्पियो सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।